CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 152 ▫ रायपुर, गुरुवार 25 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 60 सेकेंड में 2 भूकंप, वेनेजुएला के कई शहर तबाह

# 10 हजार लोगों के मारे जाने की आशंका

# 7.2 और 7.5 तीव्रता के झटकों से इमारतें गिरीं

**नई दिल्ली, 25 जून ( न्यूज चैनल )।** वेनेजुएला में दो ताकतवर भूकंप से तबाही मच गई है। दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में बुधवार शाम 6.34 बजे 7.2 और 6.35 बजे 7.5 तीव्रता के दो झटके आए। उस समय भारत में गुरुवार तड़के 3.34 और 3.35 बजे थे। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप से 10 हजार से ज्यादा लोगों के मारे जाने की 44 प्रतिशत आशंका है। वहीं, 30 प्रतिशत आशंका एक लाख लोगों के जान गंवाने की भी है। अब तक 32 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा घायल हैं। दोनों भूकंप राजधानी कराकस से करीब 290 किलोमीटर पश्चिम में आए। इससे कई शहरों में इमारतें गिर गईं या खतरनाक तरीके से झुक गईं। कराकस एयरपोर्ट की छत का कुछ हिस्सा गिर गया। इससे धूल का गुबार उठता दिखाई दिया।

**126 साल में सबसे बड़ा भूकंप, देश में इमरजेंसी:** वेनेजुएला में यह पिछले 126 साल का सबसे बड़ा भूकंप है, इससे पहले 1900 में 7.7 का तीव्रता का भूकंप आया था। कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

**वेनेजुएला का ला गुएरा डिजास्टर जोन घोषित:** वेनेजुएला की एक्टिंग प्रेसिडेंट डेल्सी रोड्रिग्ज ने उत्तरी इलाके में स्थित तटीय राज्य ला गुएरा को भूकंप से सबसे प्रभावित राज्य घोषित किया है। यहां कई बिल्डिंग्स तबाह हो गई हैं। रोड्रिग्ज ने बताया कि अमेरिका, डोमिनिकन रिपब्लिक, एल सल्वाडोर, मेक्सिको की रेस्क्यू टीम जल्द ही पहुंचेंगी। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में युवक भूकंप के तेज झटकों के बीच अपार्टमेंट से बाहर निकलने की कोशिश करता दिखता है। वीडियो में इमारत की सीढ़ियों और दीवारों में आई चौड़ी दरारें नजर आती हैं।

गुरुवार सुबह कराकस के पश्चिमी हिस्से के कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा। भूकंप के झटकों से कई पानी की पाइपलाइनें फट गईं, जिससे सड़कों पर पानी भर गया। प्रशासन प्रभावित इलाकों में बिजली और पानी की व्यवस्था बहाल करने के साथ-साथ राहत एवं बचाव अभियान चला रहा है। कई जगहों पर क्षतिग्रस्त इमारतों की जांच और मलबा हटाने का काम भी जारी है। बीबीसी की जर्नलिस्ट वैलेंतीना ओरोपेजा ने बताया कि कल शाम मेरी बहन वैरोनिका का वॉट्सएप पर ऑडियो मैसेज आया था। उसने कहा कि हमारा घर बुरी तरह से हिल रहा है। उस वक्त मैं नहीं समझ पाई कि कराकस में क्या हो रहा है। दो घंटे बाद मैंने वैरोनिका को फोन किया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद मुझे कराकस के जर्नलिस्ट्स के वॉट्सएप ग्रुप पर भूकंप के बारे में जानकारी मिली। वैलेंटीना के मुताबिक एक दोस्त ने मुझे लॉस पालोस ग्रांडेस इलाके की एक क्लिप भेजी, जिसमें बिल्डिंग पत्ते की तरह ढह गई थी। यह वही जगह थी, जहां मेरी बहन और मां रहते हैं। 2 घंटे बाद जब मुझे फिर बहन की आवाज सुनाई दी। उसने कहा, लगा था कि हम मर जाएंगे। अगर वह बच गई तो अपने घर लौट आएगी।



**अब तक 32 मौतों की पुष्टि हो चुकी है जबकि 700 से ज्यादा घायल**

### दक्षिण अमेरिका के 8 देश मदद के लिए आगे आए

*दक्षिण अमेरिका के 8 देशों ने वेनेजुएला हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। ब्राजील, अर्जेंटीना, पेरू, मेक्सिको, कोलंबिया, बोलीविया, कोस्टा रिका और एल सल्वाडोर ने संवेदना व्यक्त करते हुए राहत और बचाव कार्य में सहयोग की पेशकश की है। इन देशों की सरकारों ने अलग-अलग बयान जारी कर भूकंप में जान गंवाने वालों के प्रति शोक व्यक्त किया। साथ ही कहा कि जरूरत पड़ने पर वे राहत सामग्री, मानवीय सहायता और रेस्क्यू टीम उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं।*

❑ ***अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** ने वेनेजुएला में आए दो बड़े भूकंपों पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के महान लोगों पर आए ये दोनों भूकंप बहुत बड़े स्तर के थे। और इसमें बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। अमेरिका मदद के लिए पूरी तरह तैयार और इच्छुक है। मैंने अपनी सरकार की सभी एजेंसियों को तेजी से कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है।*

### पीएम मोदी बोले- वेनेजुएला की हरसंभव मदद को तैयार भारत

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेनेजुएला में आए विनाशकारी भूकंप पर गहरा दुख जताया है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत इस मुश्किल समय में वेनेजुएला के लोगों के साथ खड़ा है और जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है।*

### विपक्षी नेता बोले- वेनेजुएला को अंतरराष्ट्रीय मदद की जरूरत पड़ेगी

विपक्षी नेता एडमंडो गोंजालेज उरुतिया ने कहा है कि वेनेजुएला को इस आपदा से उबरने के लिए अंतरराष्ट्रीय मदद की जरूरत पड़ेगी। उनका दावा है कि सरकार के पास इतनी बड़ी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने की क्षमता नहीं है। गोंजालेज ने सोशल मीडिया पर कहा कि भूकंप के कई घंटे बाद भी नुकसान की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। उनके मुताबिक, सरकार की प्रतिक्रिया और राहत व्यवस्था लोगों की जरूरत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। वेनेजुएला में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद राजधानी कराकस के कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है। एहतियात के तौर पर कराकस और पड़ोसी मिरांडा राज्य में मेट्रो और ट्रेन सेवाएं भी बंद कर दी गई हैं।

## उपसरपंच पर हमला, आमसभा के दौरान की गई मारपीट



**रायपुर/अभनपुर, 25 जून ( हाईवे चैनल )।** ग्राम पंचायत जौंदी में आयोजित आमसभा के दौरान उपसरपंच के साथ कथित रूप से मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। उपसरपंच पोखन लाल यदु ने थाना गोबरा नवापारा में शिकायत दर्ज कराते हुए सरपंच पुत्र सहित कई लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, 24 जून को ग्राम पंचायत जौंदी में आमसभा आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची को लेकर चर्चा हो रही थी। बताया गया कि सूची में कुल 169 हितग्राहियों के नाम थे, जिनमें से 120 लोगों के नाम शामिल नहीं होने पर कुछ ग्रामीणों द्वारा उपसरपंच पर नाम कटवाने का आरोप लगाया गया।

उपसरपंच का आरोप है कि इसी बात को लेकर टोमन लाल साहू ने सभा में लोगों को उनके खिलाफ भड़काया। बैठक समाप्त होने के दौरान कथित रूप से उनका कॉलर पकड़कर पंचायत भवन के बाहर ले जाया गया, जहां चिंतामणि, टोमन साहू, मिथलेश साहू, अलखराम साहू, बैतल साहू, लेखराम साहू, प्रहलाद साहू और एस कुमार सहित अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की। शिकायत में कहा गया है कि मारपीट के दौरान उनके कपड़े फाड़ दिए गए और उनकी मोटरसाइकिल को भी गिरा दिया गया। घटना का वीडियो ग्रामीण चेतन साहू द्वारा बनाए जाने की बात भी कही गई है। उपसरपंच ने बताया कि मारपीट के कारण उनके जबड़े में चोट आई है और दर्द बना हुआ है।

## महरौली में तीन मंजिला इमारत गिरी कई लोगों के दबे होने की आशंका

**नई दिल्ली, 25 जून ( न्यूज चैनल )।** देश की राजधानी दिल्ली के महरौली इलाके में एक तीन मंजिला इमारत गिर गई है। इस दुर्घटना में कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे हैं और राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है।

यह घटना महरौली के वार्ड नंबर तीन में हुई है। गिरी हुई यह इमारत लगभग 300 गज के क्षेत्र में बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार, इमारत को तोड़ने का कार्य चल रहा था। तोड़ने की प्रक्रिया के दौरान ही इसका एक हिस्सा अचानक ढह गया। पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है और स्थिति को नियंत्रित कर रहा है। मलबे को हटाने का काम तेजी से जारी है। स्थानीय प्रशासन भी बचाव कार्यों में सहयोग कर रहा है।

अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना महरौली के वार्ड नंबर 3 में हुई, जहां लगभग 300 वर्ग गज में फैली एक इमारत को गिराया जा रहा था। इमारत ढहने की सूचना सुबह करीब 9:30 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं। एहतियात के तौर पर इलाके की घेराबंदी कर दी। गिराने के काम से जुड़े ठेकेदार को मौके पर बुलाया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इमारत ढहने के समय कोई मजदूर या अन्य व्यक्ति अंदर मौजूद था।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पीएम मोदी का ऐलान- तारातला गोदाम शेड हादसे के मृतकों को 2 लाख और घायलों के लिए 50,000 रुपये दिए जाएंगे

**नई दिल्ली, 25 जून ( न्यूज चैनल )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कोलकाता के तारातला इलाके में बन रहे गोदाम का शेड गिरने से मारे गए आठ लोगों के परिवारों के लिए 2-2 लाख रुपये की मदद का ऐलान किया। पीएमओ के मुताबिक, इस हादसे में घायल हुए 20 लोगों को केंद्र सरकार की ओर से 50,000 रुपये दिए जाएंगे।



पीएमओ ने कहा, कल कोलकाता में हुआ हादसा दुखद है। हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों को पीएमएनआरएफ से 2-2 लाख रुपये की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है कि प्रभावित लोगों को हर संभव मदद मिले- पीएम नरेंद्र मोदी। कोलकाता पुलिस के मुताबिक, इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। एसएसकेएम अस्पताल में सभी आठ पीड़ितों को मृत घोषित कर दिया गया। घटना में कुल 20 लोग घायल हुए। यह घटना बुधवार को दोपहर करीब 12:07 बजे हुई। भारतीय सेना और एनडीआरएफ दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं।




**चूहा- सुनती हो, संजय राउत आपातकाल का समर्थन कर रहें हैं।**

**चुहिया- हां जी, अब कांग्रेस ही एक मात्र सहारा, दोस्ती नहीं छोड़ सकते न..!**

## महतारी वंदन योजना में फिर से जुड़ेंगे नाम, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया अगले एक सप्ताह के भीतर खुलेगा पोर्टल

**रायपुर, 25 जून ( हाईवे चैनल )।** महतारी वंदन योजना से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है. योजना से अब तक नहीं जुड़ पाईं विवाहित महिलाओं के लिए जल्द ही पोर्टल खोलने की तैयारी है. महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि मुख्यमंत्री की अनुमति मिल चुकी है, और अगले एक सप्ताह के भीतर पोर्टल शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि पोर्टल खोलने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से की जाएगी. सबसे पहले बस्तर संभाग के जिलों में पोर्टल खोला जाएगा, जिसके बाद प्रदेश के अन्य संभागों में भी आवेदन और पंजीयन की सुविधा शुरू की जाएगी. इस माध्यम से सरकार का उद्देश्य उन पात्र महिलाओं को योजना का लाभ पहुंचाना है, जो किसी कारणवश अब तक आवेदन नहीं कर सकी हैं, या जिनका नाम योजना में शामिल नहीं हो पाया है।



बता दें कि महतारी वंदन योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है. योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, परिवार में उनकी भागीदारी को मजबूत करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना है. पोर्टल खुलने से बड़ी संख्या में ऐसी महिलाओं को राहत मिलेगी जो लंबे समय से आवेदन प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार कर रही थीं। पोर्टल शुरू होने के बाद पात्र महिलाएं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकेंगी. इसके लिए संबंधित विभाग की ओर से विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे. महतारी वंदन योजना का दायरा बढ़ाकर अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को इसका लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है।

## डिजिटल अरेस्ट घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली, 25 जून ( न्यूज चैनल )।** सीबीआई ने आज 16 राज्यों में 80 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी डिजिटल अरेस्ट स्कैम से जुड़े मामले में की गई है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र के तहत यह कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन के जरिए सीबीआई द्वारा साइबर अपराध के बुनियादी ढांचे पर समन्वित कार्रवाई की जा रही है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र के दौरान 60 विशेष टीमों का गठन किया है।

इन टीमों ने पंजाब, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र, हरियाणा, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, पश्चिम बंगाल, मणिपुर, कर्नाटक और ओडिशा समेत 16 राज्यों में 80 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया है। सीबीआई की यह कार्रवाई डिजिटल अरेस्ट स्कैम की जांच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश में डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के 200 से अधिक मामलों में शामिल परिचालन नेटवर्क को खत्म करना है। सीबीआई ने इस मामले में शेल कंपनियों के गठन और अवैध बैंक खातों को खोलने के मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इन खातों का इस्तेमाल डिजिटल गिरफ्तारी से मिली धांधली की रकम को मनी लॉन्ड्रिंग करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। एडवांस्ड फॉरेंसिक टूल्स और तकनीकी जानकारी का इस्तेमाल करते हुए सीबीआई ने भारत और विदेश में चल रहे आपराधिक नेटवर्क के अहम हिस्सों की पहचान की है। जांच से पता चला है कि अपराधियों ने अपनी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों को भरोसेमंद दिखाने के लिए जाली और मनगढ़ंत दस्तावेज अपलोड किए थे, जिनमें अदालतों और अलग-अलग कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा जारी किए गए आदेशों जैसे दिखने वाले फर्जी आदेश भी शामिल थे। छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस, मोबाइल फोन और बैंक ट्रांजेक्शन से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए गए। इन चीजों की बारीकी से फॉरेंसिक जांच और विश्लेषण किया जा रहा है।




सीबीआई ने हाल ही में डिजिटल अरेस्ट घोटाले से जुड़ी एक फर्जी वेबसाइट का भंडाफोड़ किया था। इस वेबसाइट का यूआरएल सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट से मिलता जुलता था और इसकी मदद से पीड़ितों को ठगा जाता था। सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने इस वेबसाइट की शिकायत की थी, जिसके बाद सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी। सीबीआई को अभी तक की जांच में ऐसे सबूत भी मिले हैं, जिनसे पता चला है कि इस साइबर अपराध में भारतीय नागरिकों के अलावा विदेशी नागरिकों को भी ठगा गया है।

## अपेक्स बैंक में करोड़ों का घोटाला: 8 कर्मचारी बर्खास्त, अब ईओडब्ल्यू करेगी जांच

**रायपुर, 25 जून ( हाईवे चैनल )।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) की बरमकेला शाखा में 18.13 करोड़ रुपये के गबन का बड़ा मामला सामने आया है। बैंक प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए 3 नियमित और 5 आउटसोर्स कर्मचारियों समेत कुल 8 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। मामले की जांच अब आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा करेगी। अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदार नाथ गुप्ता ने बताया कि बरमकेला, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ शाखा में कर्मचारियों ने समितियों के खातों और किसान क्रेडिट कार्ड खातों में अनाधिकृत लेन-देन किए। डीएमआर खातों के जरिए नियम विरुद्ध ट्रांजेक्शन कर करीब 18.13 करोड़ रुपये का गबन किया गया। मामले में 4 मई 2025 को थाना बरमकेला में एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। विशेष ऑडिट और उच्च स्तरीय जांच के बाद बैंक प्रबंधन ने दोषी पाए गए तीन नियमित कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इनमें शाखा प्रबंधक डीआर वाघमारे, लेखाधिकारी मीनाक्षी मांझी और लिपिक आशीष कुमार पटेल शामिल हैं। इसके अलावा पांच आउटसोर्सिंग कर्मचारियों लिकेश कुमार बैरागी, रमाकांत श्रीवास, अरुण चंद्राकर, खीरदास महंत और बालकृष्ण कर्ष को भी नौकरी से बाहर कर दिया गया है। बैंक ने कहा कि गबन में शामिल कर्मचारियों से नियमानुसार राशि की वसूली की जाएगी। ईओडब्ल्यू से सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है, जल्द जांच शुरू होगी।




गुप्ता ने बताया कि गबन और फर्जी केसीसी लोन रोकने के लिए नए सॉफ्टवेयर सिस्टम लागू किए गए हैं। अब ई-केसीसी पोर्टल से ऋण वितरण के लिए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। बैंकिंग निरीक्षण और ऑडिट प्रक्रिया भी सख्त की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर 1451 समिति प्रबंधक पदों की भर्ती को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई है।

## कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर पर सियासी संग्राम

## केदार कश्यप ने उठाए आइडियोलॉजी पर सवाल, तो पायलट ने कहा- बीजेपी को अपने दल की करनी चाहिए चिंता

**रायपुर, 25 जून ( हाईवे चैनल )।** अभनपुर में कांग्रेस का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जारी है। इस प्रशिक्षण शिविर को लेकर बीजेपी लगातार कांग्रेस पर निशाना साध रही है। अब कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जिलाध्यक्षों को आइडियोलॉजी बताई जा रही है। इस बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी के नेताओं को अपने दल की चिंता करनी चाहिए।

केदार कश्यप ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी विचारधारा को ही भूल चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में जिला अध्यक्षों को पार्टी की आइडियोलॉजी बताई जा रही है। केदार कश्यप ने सवाल उठाया कि जब जिला अध्यक्षों को ही पार्टी की विचारधारा नहीं पता, तो उन्हें उस पद पर कैसे नियुक्त किया गया। उन्होंने इसे कांग्रेस की गुटबाजी और तुष्टिकरण की राजनीति का संकेत बताया।



वही केदार कश्यप के इस बयान पर सचिन पायलट ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेताओं को अपने दल की चिंता करनी चाहिए। सरकार में रोज खींचतान हो रही है कौन आयेगा कौन जाएगा इस पर ध्यान देना चाहिए। बीजेपी के षडयंत्रों को भांडाफोड़ कैसे करे इसकी ट्रेनिंग जिला अध्यक्ष को दे रहे हैं। सरकार के झूठे वादे को कैसे बेनकाब किया जाए इसकी ट्रेनिंग दी जा रही है। पायलट ने यह भी कहा कि सरकार दिल्ली के आदेशों का ही पालन करती है। कांग्रेस जिला अध्यक्षों को ताकत और संगठनात्मक शक्ति दे रहे हैं। 14वां राज्य है जहां प्रशिक्षण हो रहा है। छग को निजी हाथों में देने के लिए सरकार जोर लगा रही है। ढाई साल चुनाव दूर है लेकिन जिला अध्यक्षों के माध्यम से बूथ तक कमेटी बनाकर सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे।

CMYK